CIVIL ASHRAM IAS

# UPSC Civil Services Preliminary Examination
# General Studies Paper I
# 2013 · Question paper

Shared free by Civil Ashram. This is the Union Public Service Commission's own paper, reproduced here so that it costs nobody anything to study from it. It is not our work and we make no claim over it.

Past papers, answer keys, worked solutions and video lectures, all free
ias.civilashram.co.in

Free 12-question CSAT check · ias.civilashram.co.in/csat-check/
Video lectures · youtube.com/@civilashram
Telegram · t.me/civil_ashram

Civil Ashram · info@civilashram.co.in · +91 88240 49989 · GSTIN 08CRXPP9491C1ZV

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : B–BRO–M–HTA** **Test Booklet Series**

**Serial No.**

790845

# TEST BOOKLET

**A**

## GENERAL STUDIES

### PAPER—I

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 200**

INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/ discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

1. What will follow if a Money Bill is substantially amended by the Rajya Sabha?

(a) The Lok Sabha may still proceed with the Bill, accepting or not accepting the recommendations of the Rajya Sabha

(b) The Lok Sabha cannot consider the Bill further

(c) The Lok Sabha may send the Bill to the Rajya Sabha for reconsideration

(d) The President may call a joint sitting for passing the Bill

2. Which one of the following statements is correct?

(a) In India, the same person cannot be appointed as Governor for two or more States at the same time

(b) The Judges of the High Court of the States in India are appointed by the Governor of the State just as the Judges of the Supreme Court are appointed by the President

(c) No procedure has been laid down in the Constitution of India for the removal of a Governor from his/her post

(d) In the case of a Union Territory having a legislative setup, the Chief Minister is appointed by the Lt. Governor on the basis of majority support

3. Which one of the following pairs is correctly matched?

| Geographical Feature | | Region |
|---|---|---|
| (a) Abyssinian Plateau | : | Arabia |
| (b) Atlas Mountains | : | North-Western Africa |
| (c) Guiana Highlands | : | South-Western Africa |
| (d) Okavango Basin | : | Patagonia |

4. With reference to the history of Indian rock-cut architecture, consider the following statements :

1. The caves at Badami are the oldest surviving rock-cut caves in India.
2. The Barabar rock-cut caves were originally made for Ajivikas by Emperor Chandragupta Maurya.
3. At Ellora, caves were made for different faiths.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

1. यदि राज्य सभा किसी धन विधेयक में सारभूत संशोधन करती है, तो तत्पश्चात् क्या होगा?

(a) लोक सभा, राज्य सभा की अनुशंसाओं को स्वीकार करे या अस्वीकार करे, इस विधेयक पर आगे कार्यवाही कर सकती है

(b) लोक सभा विधेयक पर आगे कोई विचार नहीं कर सकती

(c) लोक सभा विधेयक को पुनर्विचार के लिए राज्य सभा को लौटा सकती है

(d) राष्ट्रपति विधेयक को पारित करने के लिए संयुक्त बैठक आहूत कर सकता है

2. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) भारत में एक ही व्यक्ति को एक ही समय में दो या अधिक राज्यों में राज्यपाल नियुक्त नहीं किया जा सकता

(b) भारत में राज्यों के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राज्य के राज्यपाल द्वारा नियुक्त किये जाते हैं, ठीक वैसे ही जैसे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाते हैं

(c) भारत के संविधान में राज्यपाल को उसके पद से हटाने हेतु कोई भी प्रक्रिया अधिकथित नहीं है

(d) विधायी व्यवस्था वाले संघ राज्यक्षेत्र में मुख्यमंत्री की नियुक्ति उपराज्यपाल द्वारा, बहुमत समर्थन के आधार पर, की जाती है

3. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित है?

| **भौगोलिक लक्षण** | **प्रदेश** |
|---|---|
| (a) एबिसिनी पठार | : अरब |
| (b) एटलस पर्वत | : उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका |
| (c) गुयाना उच्चभूमि | : दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीका |
| (d) ओकावांगो द्रोणी | : पैटागोनिया |

4. भारतीय शिलावास्तु के इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बादामी की गुफ़ाएँ भारत की प्राचीनतम अवशिष्ट शैलकृत गुफ़ाएँ हैं।
2. बाराबर की शैलकृत गुफ़ाएँ सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा मूलतः आजीविकों के लिए बनवाई गई थीं।
3. एलोरा में, गुफ़ाएँ विभिन्न धर्मों के लिए बनाई गई थीं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

**5.** Recombinant DNA technology (Genetic Engineering) allows genes to be transferred

1. across different species of plants
2. from animals to plants
3. from microorganisms to higher organisms

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**6.** The Chinese traveller Yuan Chwang (Hiuen Tsang) who visited India recorded the general conditions and culture of India at that time. In this context, which of the following statements is/are correct?

1. The roads and river-routes were completely immune from robbery.
2. As regards punishment for offences, ordeals by fire, water and poison were the instruments for determining the innocence or guilt of a person.
3. The tradesmen had to pay duties at ferries and barrier stations.

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**7.** Consider the following :

1. Star tortoise
2. Monitor lizard
3. Pygmy hog
4. Spider monkey

Which of the above are naturally found in India?

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**8.** Which of the following can be found as pollutants in the drinking water in some parts of India?

1. Arsenic
2. Sorbitol
3. Fluoride
4. Formaldehyde
5. Uranium

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2, 4 and 5 only

*(c)* 1, 3 and 5 only

*(d)* 1, 2, 3, 4 and 5

**9.** With reference to Indian History, the Members of the Constituent Assembly from the Provinces were

*(a)* directly elected by the people of those Provinces

*(b)* nominated by the Indian National Congress and the Muslim League

*(c)* elected by the Provincial Legislative Assemblies

*(d)* selected by the Government for their expertise in constitutional matters

**5.** पुनर्योगज DNA प्रौद्योगिकी (आनुवंशिक इंजीनियरी) जीनों को स्थानान्तरित होने देता है

1. पौधों की विभिन्न जातियों में
2. जन्तुओं से पौधों में
3. सूक्ष्मजीवों से उच्चतर जीवों में

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**6.** भारत की यात्रा करने वाले चीनी यात्री युआन च्वांग (ह्वेन त्सांग) ने तत्कालीन भारत की सामान्य दशाओं और संस्कृति का वर्णन किया है। इस सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. सड़क और नदी-मार्ग लूटमार से पूरी तरह सुरक्षित थे।
2. जहाँ तक अपराधों के लिए दण्ड का प्रश्न है, अग्नि, जल व विष द्वारा सत्यपरीक्षा किया जाना ही किसी भी व्यक्ति की निर्दोषता अथवा दोष के निर्णय के साधन थे।
3. व्यापारियों को नौघाटों और नाकों पर शुल्क देना पड़ता था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**7.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. तारा कछुआ
2. मॉनीटर छिपकली
3. वामन सूअर
4. स्पाइडर वानर

उपर्युक्त में से कौन-से भारत में प्राकृतिक रूप में पाए जाते हैं?

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**8.** निम्नलिखित में से कौन-से भारत के कुछ भागों में पीने के जल में प्रदूषक के रूप में पाए जाते हैं?

1. आर्सेनिक
2. सारबिटॉल
3. फ्लुओराइड
4. फार्मेल्डिहाइड
5. यूरेनियम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2, 4 और 5

*(c)* केवल 1, 3 और 5

*(d)* 1, 2, 3, 4 और 5

**9.** भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, प्रान्तों से संविधान सभा के सदस्य

*(a)* उन प्रान्तों के लोगों द्वारा सीधे निर्वाचित हुए थे

*(b)* भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस तथा मुस्लिम लीग द्वारा नामित हुए थे

*(c)* प्रान्तीय विधान सभाओं द्वारा निर्वाचित हुए थे

*(d)* सरकार द्वारा, संवैधानिक मामलों में उनकी विशेषज्ञता के लिए चुने गए थे

**10.** Consider the following animals :

1. Sea cow
2. Sea horse
3. Sea lion

Which of the above is/are mammal/mammals?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**11.** Consider the following statements :

1. An amendment to the Constitution of India can be initiated by an introduction of a bill in the Lok Sabha only.
2. If such an amendment seeks to make changes in the federal character of the Constitution, the amendment also requires to be ratified by the legislature of all the States of India.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**12.** Consider the following statements :

Attorney General of India can

1. take part in the proceedings of the Lok Sabha
2. be a member of a committee of the Lok Sabha
3. speak in the Lok Sabha
4. vote in the Lok Sabha

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 4

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 1 and 3 only

**13.** With reference to the usefulness of the by-products of sugar industry, which of the following statements is/are correct?

1. Bagasse can be used as biomass fuel for the generation of energy.
2. Molasses can be used as one of the feedstocks for the production of synthetic chemical fertilizers.
3. Molasses can be used for the production of ethanol.

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**14.** Variations in the length of daytime and nighttime from season to season are due to

*(a)* the earth's rotation on its axis

*(b)* the earth's revolution round the sun in an elliptical manner

*(c)* latitudinal position of the place

*(d)* revolution of the earth on a tilted axis

**10.** निम्नलिखित जन्तुओं पर विचार कीजिए :

1. समुद्री गाय
2. समुद्री घोड़ा
3. समुद्री सिंह

उपर्युक्त में से कौन-सा/से स्तनधारी है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**11.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान में संशोधन केवल लोक सभा में एक विधेयक की पुरःस्थापना द्वारा ही प्रारम्भ किया जा सकता है।
2. यदि ऐसा संशोधन संविधान के संघीय चरित्र में परिवर्तन की माँग करता है, तो संशोधन का अनुसमर्थन भारत के सभी राज्यों के विधानमण्डल द्वारा किया जाना भी आवश्यक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**12.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत का महान्यायवादी

1. लोक सभा की कार्यवाही में भाग ले सकता है
2. लोक सभा की किसी समिति का सदस्य हो सकता है
3. लोक सभा में बोल सकता है
4. लोक सभा में मतदान कर सकता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 2 और 4

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 3

**13.** शर्करा उद्योग के उपोत्पाद की उपयोगिता के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. खोई को, ऊर्जा उत्पादन के लिए जैव मात्रा ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।
2. शीरे को, कृत्रिम रासायनिक उर्वरकों के उत्पादन के लिए एक भरण-स्टॉक की तरह प्रयुक्त किया जा सकता है।
3. शीरे को, एथनॉल उत्पादन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**14.** अलग-अलग ऋतुओं में दिन-समय और रात्रि-समय के विस्तार में विभिन्नता किस कारण से होती है?

*(a)* पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूर्णन

*(b)* पृथ्वी का, सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्तीय रीति से परिक्रमण

*(c)* स्थान की अक्षांशीय स्थिति

*(d)* पृथ्वी का नत अक्ष पर परिक्रमण



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 7

**15.** The Narmada river flows to the west, while most other large peninsular rivers flow to the east. Why?

1. It occupies a linear rift valley.
2. It flows between the Vindhyas and the Satpuras.
3. The land slopes to the west from Central India.

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only
*(b)* 2 and 3
*(c)* 1 and 3
*(d)* None

**16.** On the planet earth, most of the freshwater exists as ice caps and glaciers. Out of the remaining freshwater, the largest proportion

*(a)* is found in atmosphere as moisture and clouds
*(b)* is found in freshwater lakes and rivers
*(c)* exists as groundwater
*(d)* exists as soil moisture

**17.** Consider the following pairs :

1. Nokrek Biosphere Reserve : Garo Hills
2. Logtak (Loktak) Lake : Barail Range
3. Namdapha National Park : Dafla Hills

Which of the above pairs is/are correctly matched?

*(a)* 1 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 1, 2 and 3
*(d)* None

**18.** Consider the following :

1. Electromagnetic radiation
2. Geothermal energy
3. Gravitational force
4. Plate movements
5. Rotation of the earth
6. Revolution of the earth

Which of the above are responsible for bringing dynamic changes on the surface of the earth?

*(a)* 1, 2, 3 and 4 only
*(b)* 1, 3, 5 and 6 only
*(c)* 2, 4, 5 and 6 only
*(d)* 1, 2, 3, 4, 5 and 6

**19.** Which of the following bodies ***does not/do not*** find mention in the Constitution?

1. National Development Council
2. Planning Commission
3. Zonal Councils

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 2 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

**20.** The demand for the Tebhaga Peasant Movement in Bengal was for

*(a)* the reduction of the share of the landlords from one-half of the crop to one-third
*(b)* the grant of ownership of land to peasants as they were the actual cultivators of the land
*(c)* the uprooting of Zamindari system and the end of serfdom
*(d)* writing off all peasant debts

**15.** नर्मदा नदी पश्चिम की ओर बहती है, जबकि अधिकांश अन्य प्रायद्वीपीय बड़ी नदियाँ पूर्व की ओर बहती हैं। ऐसा क्यों है?

1. यह एक रेखीय विभ्रंश (रिफ्ट) घाटी में रहती है।
2. यह विन्ध्य और सतपुड़ा के बीच बहती है।
3. भूमि का ढलान मध्य भारत से पश्चिम की ओर है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1
*(b)* 2 और 3
*(c)* 1 और 3
*(d)* कोई नहीं

**16.** पृथ्वी ग्रह पर, अधिकांश अलवण-जल, बर्फ छत्रक और हिमनद के रूप में रहता है। शेष अलवण-जल का सबसे अधिक भाग

*(a)* वायुमण्डल में आर्द्रता और बादलों के रूप में पाया जाता है
*(b)* अलवण-जल झीलों और नदियों में पाया जाता है
*(c)* भूमिगत जल के रूप में है
*(d)* मृदा आर्द्रता के रूप में है

**17.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. नोक्रेक जीवमण्डल रिज़र्व : गारो पहाड़ियाँ
2. लोगटक (लोकटक) झील : बरैल क्षेत्र
3. नाम्डाफा राष्ट्रीय उद्यान : डफ्ला पहाड़ियाँ

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2 और 3
*(c)* 1, 2 और 3
*(d)* कोई नहीं

**18.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. विद्युत्-चुम्बकीय विकिरण
2. भूतापीय ऊर्जा
3. गुरुत्वीय बल
4. प्लेट संचलन
5. पृथ्वी का घूर्णन
6. पृथ्वी का परिक्रमण

उपर्युक्त में से कौन-से पृथ्वी के पृष्ठ पर गतिक परिवर्तन लाने के लिए जिम्मेवार हैं?

*(a)* केवल 1, 2, 3 और 4
*(b)* केवल 1, 3, 5 और 6
*(c)* केवल 2, 4, 5 और 6
*(d)* 1, 2, 3, 4, 5 और 6

**19.** निम्नलिखित में से किस निकाय/किन निकायों का संविधान में उल्लेख **नहीं** है?

1. राष्ट्रीय विकास परिषद्
2. योजना आयोग
3. क्षेत्रीय परिषदें

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2
*(b)* केवल 2
*(c)* केवल 1 और 3
*(d)* 1, 2 और 3

**20.** बंगाल के तिभागा किसान आन्दोलन की क्या माँग थी?

*(a)* ज़मींदारों की हिस्सेदारी को फसल के आधे भाग से कम करके एक-तिहाई करना
*(b)* भूमि का वास्तविक खेतिहर होने के नाते, भू-स्वामित्व कृषकों को प्रदान करना
*(c)* ज़मींदारी प्रथा का उन्मूलन तथा कृषिदासता का अन्त
*(d)* कृषकों के समस्त ऋणों को रद्द करना



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 9

**21.** The Parliament can make any law for whole or any part of India for implementing international treaties

*(a)* with the consent of all the States

*(b)* with the consent of the majority of States

*(c)* with the consent of the States concerned

*(d)* without the consent of any State

**22.** In the grasslands, trees do not replace the grasses as a part of an ecological succession because of

*(a)* insects and fungi

*(b)* limited sunlight and paucity of nutrients

*(c)* water limits and fire

*(d)* None of the above

**23.** Which one of the following is the correct sequence of ecosystems in the order of decreasing productivity?

*(a)* Oceans, lakes, grasslands, mangroves

*(b)* Mangroves, oceans, grasslands, lakes

*(c)* Mangroves, grasslands, lakes, oceans

*(d)* Oceans, mangroves, lakes, grasslands

**24.** Contour bunding is a method of soil conservation used in

*(a)* desert margins, liable to strong wind action

*(b)* low flat plains, close to stream courses, liable to flooding

*(c)* scrublands, liable to spread of weed growth

*(d)* None of the above

**25.** The Government enacted the Panchayat Extension to Scheduled Areas (PESA) Act in 1996. Which one of the following is ***not*** identified as its objective?

*(a)* To provide self-governance

*(b)* To recognize traditional rights

*(c)* To create autonomous regions in tribal areas

*(d)* To free tribal people from exploitation



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 10

21. संसद्, अन्तर्राष्ट्रीय संधियों को भारत के किसी भाग अथवा सम्पूर्ण भारत में लागू करने के लिए, कोई भी कानून बना सकती है

(a) सभी राज्यों की सहमति से

(b) बहुसंख्य राज्यों की सहमति से

(c) सम्बन्धित राज्यों की सहमति से

(d) बिना किसी राज्य की सहमति से

22. घासस्थलों में वृक्ष पारिस्थितिक अनुक्रमण के अंश के रूप में किस कारण घासों को प्रतिस्थापित नहीं करते हैं?

(a) कीटों एवं कवकों के कारण

(b) सीमित सूर्य के प्रकाश एवं पोषक तत्त्वों की कमी के कारण

(c) जल की सीमाओं एवं आग के कारण

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

23. पारितंत्रों की घटती उत्पादकता के क्रम में उनका निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम सही है?

(a) महासागर, झील, घासस्थल, मैंग्रोव

(b) मैंग्रोव, महासागर, घासस्थल, झील

(c) मैंग्रोव, घासस्थल, झील, महासागर

(d) महासागर, मैंग्रोव, झील, घासस्थल

24. भू-संरक्षण की परिरेखा बंधन विधि का प्रयोग कहाँ के लिए होता है?

(a) प्रबल पवन क्रिया के अधीन मरु उपान्त

(b) नदी प्रवाहों के सन्निकट का, बाढ़ग्रस्त होने वाला, निम्न समतल मैदान

(c) अपतृण के बढ़कर फैलने की सम्भावना से युक्त गुल्म भूमि

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

25. सरकार ने अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत विस्तार (PESA) अधिनियम को 1996 में अधिनियमित किया। निम्नलिखित में से कौन-सा एक उसके उद्देश्य के रूप में अभिज्ञात **नहीं** है?

(a) स्वशासन प्रदान करना

(b) पारम्परिक अधिकारों को मान्यता देना

(c) जनजातीय क्षेत्रों में स्वायत्त क्षेत्रों का निर्माण करना

(d) जनजातीय लोगों को शोषण से मुक्त कराना

26. Under the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006, who shall be the authority to initiate the process for determining the nature and extent of individual or community forest rights or both?

(a) State Forest Department

(b) District Collector/Deputy Commissioner

(c) Tahsildar/Block Development Officer/Mandal Revenue Officer

(d) Gram Sabha

27. Improper handling and storage of cereal grains and oilseeds result in the production of toxins known as aflatoxins which are not generally destroyed by normal cooking process. Aflatoxins are produced by

(a) bacteria

(b) protozoa

(c) moulds

(d) viruses

28. 'Economic Justice' as one of the objectives of the Indian Constitution has been provided in

(a) the Preamble and the Fundamental Rights

(b) the Preamble and the Directive Principles of State Policy

(c) the Fundamental Rights and the Directive Principles of State Policy

(d) None of the above

29. Due to improper/indiscriminate disposal of old and used computers or their parts, which of the following are released into the environment as e-waste?

1. Beryllium
2. Cadmium
3. Chromium
4. Heptachlor
5. Mercury
6. Lead
7. Plutonium

Select the correct answer using the codes given below.

(a) 1, 3, 4, 6 and 7 only

(b) 1, 2, 3, 5 and 6 only

(c) 2, 4, 5 and 7 only

(d) 1, 2, 3, 4, 5, 6 and 7

30. Acid rain is caused by the pollution of environment by

(a) carbon dioxide and nitrogen

(b) carbon monoxide and carbon dioxide

(c) ozone and carbon dioxide

(d) nitrous oxide and sulphur dioxide

**26.** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारम्परिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अधीन, व्यक्तिगत या सामुदायिक वन अधिकारों अथवा दोनों की प्रकृति एवं विस्तार के निर्धारण की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के लिए कौन प्राधिकारी होगा?

(a) राज्य वन विभाग

(b) जिला कलक्टर/उपायुक्त

(c) तहसीलदार/खण्ड विकास अधिकारी/मण्डल राजस्व अधिकारी

(d) ग्राम सभा

**27.** अनाजों और तिलहनों के अनुपयुक्त रखरखाव और भण्डारण के परिणामस्वरूप आविषों का उत्पादन होता है, जिन्हें अफ्लाटॉक्सीन के नाम से जाना जाता है, जो सामान्यतः भोजन बनाने की आम विधि द्वारा नष्ट नहीं होते। अफ्लाटॉक्सीन किसके द्वारा उत्पादित होते हैं?

(a) जीवाणु

(b) प्रोटोजोआ

(c) फफूँदी

(d) विषाणु

**28.** भारत के संविधान के उद्देश्यों में से एक के रूप में 'आर्थिक न्याय' का किसमें उपबन्ध किया गया है?

(a) उद्देशिका और मूल अधिकार

(b) उद्देशिका और राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

(c) मूल अधिकार और राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

(d) उपर्युक्त में से किसी में नहीं

**29.** पुराने और प्रयुक्त कम्प्यूटरों या उनके पुर्जों के असंगत/अव्यवस्थित निपटान के कारण, निम्नलिखित में से कौन-से ई-अपशिष्ट के रूप में पर्यावरण में निर्मुक्त होते हैं?

1. बेरिलियम
2. कैडमियम
3. क्रोमियम
4. हेप्टाक्लोर
5. पारद
6. सीसा
7. प्लूटोनियम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1, 3, 4, 6 और 7

(b) केवल 1, 2, 3, 5 और 6

(c) केवल 2, 4, 5 और 7

(d) 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7

**30.** अम्ल वर्षा किनके द्वारा होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के कारण होती है?

(a) कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन

(b) कार्बन मोनो-ऑक्साइड और कार्बन डाइ-ऑक्साइड

(c) ओज़ोन और कार्बन डाइऑक्साइड

(d) नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 13

**31.** With reference to food chains in ecosystems, consider the following statements :

1. A food chain illustrates the order in which a chain of organisms feed upon each other.
2. Food chains are found within the populations of a species.
3. A food chain illustrates the numbers of each organism which are eaten by others.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None

**32.** Consider the following pairs :

| *National Park* | *River flowing through the Park* |
|---|---|
| 1. Corbett National Park : | Ganga |
| 2. Kaziranga National Park : | Manas |
| 3. Silent Valley National Park : | Kaveri |

Which of the above pairs is/are correctly matched?

*(a)* 1 and 2

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 3

*(d)* None

**33.** Consider the following organisms :

1. Agaricus
2. Noștoc
3. Spirogyra

Which of the above is/are used as biofertilizer/biofertilizers?

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3

*(d)* 3 only

**34.** Which of the following adds/add nitrogen to the soil?

1. Excretion of urea by animals
2. Burning of coal by man
3. Death of vegetation

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**35.** In which of the following States is lion-tailed macaque found in its natural habitat?

1. Tamil Nadu
2. Kerala
3. Karnataka
4. Andhra Pradesh

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

31. पारितंत्रों में खाद्य शृंखलाओं के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. खाद्य शृंखला उस क्रम का निदर्शन करती है, जिसमें जीवों की एक शृंखला एक-दूसरे के आहार द्वारा पोषित होती है।
2. खाद्य शृंखला एक जाति की समष्टि के अन्तर्गत पाई जाती है।
3. खाद्य शृंखला उस प्रत्येक जीव की संख्याओं का, जो दूसरों के द्वारा खाई जाती हैं, निदर्शन करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) 1, 2 और 3

(d) कोई नहीं

32. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | राष्ट्रीय उद्यान | | उद्यान से होकर बहने वाली नदी |
|---|---|---|---|
| 1. | कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान | : | गंगा |
| 2. | काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान | : | मनास |
| 3. | साइलेन्ट वैली राष्ट्रीय उद्यान | : | कावेरी |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) 1 और 2

(b) केवल 3

(c) 1 और 3

(d) कोई नहीं

33. निम्नलिखित जीवों पर विचार कीजिए :

1. एगैरिकस
2. नॉस्टॉक
3. स्पाइरोगाइरा

उपर्युक्त में से कौन-सा/से जैव उर्वरक के रूप में प्रयुक्त होता है/होते हैं?

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

34. निम्नलिखित में से कौन-सा/से, मृदा में नाइट्रोजन को बढ़ाता है/बढ़ाते हैं?

1. जन्तुओं द्वारा यूरिया का उत्सर्जन
2. मनुष्य द्वारा कोयले को जलाना
3. वनस्पति की मृत्यु

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

35. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें/किनमें सिंह-पुच्छी वानर (मॅकाक) अपने प्राकृतिक आवास में पाया जाता है?

1. तमिलनाडु
2. केरल
3. कर्नाटक
4. आन्ध्र प्रदेश

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2

(c) केवल 1, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**36.** Some Buddhist rock-cut caves are called Chaityas, while the others are called Viharas. What is the difference between the two?

- *(a)* Vihara is a place of worship, while Chaitya is the dwelling place of the monks
- *(b)* Chaitya is a place of worship, while Vihara is the dwelling place of the monks
- *(c)* Chaitya is the stupa at the far end of the cave, while Vihara is the hall axial to it
- *(d)* There is no material difference between the two

**37.** Which one of the following describes best the concept of Nirvana in Buddhism?

- *(a)* The extinction of the flame of desire
- *(b)* The complete annihilation of self
- *(c)* A state of bliss and rest
- *(d)* A mental stage beyond all comprehension

**38.** According to the Constitution of India, which of the following are fundamental for the governance of the country?

- *(a)* Fundamental Rights
- *(b)* Fundamental Duties
- *(c)* Directive Principles of State Policy
- *(d)* Fundamental Rights and Fundamental Duties

**39.** The people of India agitated against the arrival of Simon Commission because

- *(a)* Indians never wanted the review of the working of the Act of 1919
- *(b)* Simon Commission recommended the abolition of Dyarchy (Diarchy) in the Provinces
- *(c)* there was no Indian member in the Simon Commission
- *(d)* the Simon Commission suggested the partition of the country

**40.** Quit India Movement was launched in response to

- *(a)* Cabinet Mission Plan
- *(b)* Cripps Proposals
- *(c)* Simon Commission Report
- *(d)* Wavell Plan

**41.** The balance of payments of a country is a systematic record of

- *(a)* all import and export transactions of a country during a given period of time, normally a year
- *(b)* goods exported from a country during a year
- *(c)* economic transaction between the government of one country to another
- *(d)* capital movements from one country to another

**36.** कुछ शैलकृत बौद्ध गुफाओं को चैत्य कहते हैं, जबकि अन्य को विहार। दोनों में क्या अन्तर है?

(a) विहार पूजा-स्थल होता है, जबकि चैत्य बौद्ध भिक्षुओं का निवासस्थान है

(b) चैत्य पूजा-स्थल होता है, जबकि विहार बौद्ध भिक्षुओं का निवासस्थान है

(c) चैत्य गुफा के दूर के सिरे पर स्तूप होता है, जबकि विहार गुफा पर अक्षीय कक्ष होता है

(d) दोनों में कोई वस्तुपरक अन्तर नहीं होता

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक बौद्ध मत में निर्वाण की अवधारणा की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या करता है?

(a) तृष्णारूपी अग्नि का शमन

(b) स्वयं की पूर्णतः अस्तित्वहीनता

(c) परमानन्द एवं विश्राम की स्थिति

(d) धारणातीत मानसिक अवस्था

**38.** भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा, देश के शासन के लिए आधारभूत है?

(a) मूल अधिकार

(b) मूल कर्तव्य

(c) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

(d) मूल अधिकार तथा मूल कर्तव्य

**39.** साइमन कमीशन के आने के विरुद्ध भारतीय जन-आन्दोलन क्यों हुआ?

(a) भारतीय, 1919 के अधिनियम की कार्यवाही का पुनरीक्षण कभी नहीं चाहते थे

(b) साइमन कमीशन ने प्रान्तों में द्विशासन की समाप्ति की संस्तुति की थी

(c) साइमन कमीशन में कोई भी भारतीय सदस्य नहीं था

(d) साइमन कमीशन ने देश के विभाजन का सुझाव दिया था

**40.** भारत छोड़ो आन्दोलन किसकी प्रतिक्रिया में प्रारम्भ किया गया?

(a) कैबिनेट मिशन योजना

(b) क्रिप्स प्रस्ताव

(c) साइमन कमीशन रिपोर्ट

(d) वैवेल योजना

**41.** किसी देश का भुगतान सन्तुलन किसका व्यवस्थित अभिलेख है?

(a) किसी निर्धारित समय के दौरान, सामान्यतः एक वर्ष में, किसी देश का समस्त आयात और निर्यात का लेन-देन

(b) किसी वर्ष में एक देश द्वारा निर्यात की गई वस्तुएँ

(c) एक देश की सरकार और दूसरे देश की सरकार के बीच आर्थिक लेन-देन

(d) एक देश से दूसरे देश को पूँजी का संचलन

**42.** The Reserve Bank of India regulates the commercial banks in matters of

1. liquidity of assets
2. branch expansion
3. merger of banks
4. winding-up of banks

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 and 4 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 3 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**43.** An increase in the Bank Rate generally indicates that the

*(a)* market rate of interest is likely to fall

*(b)* Central Bank is no longer making loans to commercial banks

*(c)* Central Bank is following an easy money policy

*(d)* Central Bank is following a tight money policy

**44.** In India, deficit financing is used for raising resources for

*(a)* economic development

*(b)* redemption of public debt

*(c)* adjusting the balance of payments

*(d)* reducing the foreign debt

**45.** Which of the following characterizes/ characterize the people of Indus Civilization?

1. They possessed great palaces and temples.
2. They worshipped both male and female deities.
3. They employed horse-drawn chariots in warfare.

Select the correct statement/ statements using the codes given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None of the statements given above is correct

**46.** Which of the following diseases can be transmitted from one person to another through tattooing?

1. Chikungunya
2. Hepatitis B
3. HIV-AIDS

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3



**CIVIL ASHRAM IAS** Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 18

**42.** निम्नलिखित में से कौन-से मामलों में भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को नियंत्रित करता है?

1. परिसम्पत्तियों की तरलता
2. शाखा विस्तार
3. बैंकों का विलय
4. बैंकों का समापन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 4

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1, 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**43.** बैंक दर में वृद्धि सामान्यतः इस बात का संकेत है कि

*(a)* ब्याज की बाजार दर के गिरने की सम्भावना है

*(b)* केन्द्रीय बैंक अब वाणिज्यिक बैंकों को कर्ज़े नहीं दे रहा

*(c)* केन्द्रीय बैंक सस्ती मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है

*(d)* केन्द्रीय बैंक महँगी मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है

**44.** भारत में घाटे की वित्त व्यवस्था किसके लिए संसाधनों को बढ़ाने के लिए उपयोग की जाती है?

*(a)* आर्थिक विकास के लिए

*(b)* सार्वजनिक ऋण चुकाने के लिए

*(c)* भुगतान शेष का समायोजन करने के लिए

*(d)* विदेशी ऋण कम करने के लिए

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से लक्षण सिन्धु सभ्यता के लोगों का सही चित्रण करता है/करते हैं?

1. उनके विशाल महल और मन्दिर होते थे।
2. वे देवियों और देवताओं, दोनों की पूजा करते थे।
3. वे युद्ध में घोड़ों द्वारा खींचे गए रथों का प्रयोग करते थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही कथन/कथनों को चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**46.** निम्नलिखित बीमारियों में से कौन-सी टैटू बनवाने के द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचरित हो सकती है/हैं?

1. चिकनगुन्या
2. यकृतशोथ B
3. HIV-AIDS

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 19

**47.** Which of the following statements is/are applicable to Jain doctrine?

1. The surest way of annihilating Karma is to practice penance.
2. Every object, even the smallest particle has a soul.
3. Karma is the bane of the soul and must be ended.

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**48.** Which one of the following terms describes not only the physical space occupied by an organism, but also its functional role in the community of organisms?

*(a)* Ecotone

*(b)* Ecological niche

*(c)* Habitat

*(d)* Home range

**49.** Photochemical smog is a resultant of the reaction among

*(a)* $NO_2$, $O_3$ and peroxyacetyl nitrate in the presence of sunlight

*(b)* CO, $O_2$ and peroxyacetyl nitrate in the presence of sunlight

*(c)* CO, $CO_2$ and $NO_2$ at low temperature

*(d)* high concentration of $NO_2$, $O_3$ and CO in the evening

**50.** Consider the following minerals :

1. Calcium
2. Iron
3. Sodium

Which of the minerals given above is/are required by human body for the contraction of muscles?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

47. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन जैन सिद्धान्त के अनुरूप है/हैं?

1. कर्म को विनष्ट करने का सुनिश्चित मार्ग तपश्चर्या है।
2. प्रत्येक वस्तु में, चाहे वह सूक्ष्मतम कण हो, आत्मा होती है।
3. कर्म आत्मा का विनाशक है और अवश्य इसका अन्त करना चाहिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

48. निम्नलिखित में से कौन-सा एक पद, केवल जीव द्वारा ग्रहण किये गये दिक्स्थान का ही नहीं, बल्कि जीवों के समुदाय में उसकी कार्यात्मक भूमिका का भी वर्णन करता है?

(a) संक्रमिका (ईकोटोन)

(b) पारिस्थितिक कर्मता

(c) आवास

(d) आवास-क्षेत्र

49. प्रकाश-रासायनिक धूम का बनना किनके बीच अभिक्रिया का परिणाम होता है?

(a) $NO_2$, $O_3$ तथा पेरॉक्सीऐसिटिल नाइट्रेट के बीच, सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में

(b) $CO$, $O_2$ तथा पेरॉक्सीऐसिटिल नाइट्रेट के बीच, सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में

(c) $CO$, $CO_2$ तथा $NO_2$ के बीच, निम्न ताप पर

(d) $NO_2$ के उच्च सांद्रण, $O_3$ तथा $CO$ के बीच, शाम के समय

50. निम्नलिखित खनिजों पर विचार कीजिए :

1. कैल्सियम
2. लोह
3. सोडियम

उपर्युक्त खनिजों में से मानव शरीर में पेशियों के संकुचन के लिए किसकी/किनकी आवश्यकता होती है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 21

**51.** Consider the following statements :

The Parliamentary Committee on Public Accounts

1. consists of not more than 25 Members of the Lok Sabha
2. scrutinizes appropriation and finance accounts of the Government
3. examines the report of the Comptroller and Auditor General of India

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

**52.** Consider the following Bhakti Saints :

1. Dadu Dayal
2. Guru Nanak
3. Tyagaraja

Who among the above was/were preaching when the Lodi dynasty fell and Babur took over?

(a) 1 and 3

(b) 2 only

(c) 2 and 3

(d) 1 and 2

**53.** With reference to the food chains in ecosystems, which of the following kinds of organism is/are known as decomposer organism/organisms?

1. Virus
2. Fungi
3. Bacteria

Select the correct answer using the codes given below.

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**54.** The most important fishing grounds of the world are found in the regions where

(a) warm and cold atmospheric currents meet

(b) rivers drain out large amounts of freshwater into the sea

(c) warm and cold oceanic currents meet

(d) continental shelf is undulating

**55.** Which of the following is/are unique characteristic/characteristics of equatorial forests?

1. Presence of tall, closely set trees with crowns forming a continuous canopy
2. Coexistence of a large number of species
3. Presence of numerous varieties of epiphytes

Select the correct answer using the codes given below.

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**51.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

लोक लेखा की संसदीय समिति

1. लोक सभा के अधिकतम 25 सदस्यों से गठित होती है
2. सरकार के विनियोग तथा वित्त लेखाओं की जाँच करती है
3. भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट की जाँच करती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

**52.** निम्नलिखित भक्ति सन्तों पर विचार कीजिए :

1. दादू दयाल
2. गुरु नानक
3. त्यागराज

इनमें से कौन उस समय उपदेश देता था/देते थे जब लोदी वंश का पतन हुआ तथा बाबर सत्तारूढ़ हुआ?

(a) 1 और 3

(b) केवल 2

(c) 2 और 3

(d) 1 और 2

**53.** पारितंत्र में खाद्य श्रृंखलाओं के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से किस प्रकार का/के जीव अपघटक जीव कहलाता है/कहलाते हैं?

1. विषाणु
2. कवक
3. जीवाणु

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**54.** संसार के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मत्स्यन क्षेत्र उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जहाँ

(a) कोष्ण तथा शीत वायुमण्डलीय धाराएँ मिलती हैं

(b) नदियाँ सागरों में प्रचुर मात्रा में ताज़ा जल प्रवाहित करती हैं

(c) कोष्ण तथा शीत सागरीय धाराएँ मिलती हैं

(d) महाद्वीपीय शेल्फ तरंगित है

**55.** निम्नलिखित में से कौन-सी, विषुवतीय वनों की अद्वितीय विशेषता है/विशेषताएँ हैं?

1. ऊँचे, घने वृक्षों की विद्यमानता जिनके किरीट निरन्तर वितान बनाते हों
2. बहुत-सी जातियों का सह-अस्तित्व हो
3. अधिपादपों की असंख्य किस्मों की विद्यमानता हो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 23

**56.** Which of the following constitute Capital Account?

1. Foreign Loans
2. Foreign Direct Investment
3. Private Remittances
4. Portfolio Investment

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1, 2 and 4

*(c)* 2, 3 and 4

*(d)* 1, 3 and 4

**57.** Consider the following historical places :

1. Ajanta Caves
2. Lepakshi Temple
3. Sanchi Stupa

Which of the above places is/are also known for mural paintings?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None

**58.** With reference to the history of philosophical thought in India, consider the following statements regarding Sankhya school :

1. Sankhya does not accept the theory of rebirth or transmigration of soul.
2. Sankhya holds that it is the self-knowledge that leads to liberation and not any exterior influence or agent.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**59.** In the context of India, which of the following principles is/are implied institutionally in the parliamentary government?

1. Members of the Cabinet are Members of the Parliament.
2. Ministers hold the office till they enjoy confidence in the Parliament.
3. Cabinet is headed by the Head of the State.

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**56.** निम्नलिखित में से कौन-से पूँजीगत लेखा की रचना करते हैं?

1. विदेशी ऋण
2. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
3. निजी प्रेषित धन
4. पोर्टफोलियो निवेश

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 1, 2 और 4

*(c)* 2, 3 और 4

*(d)* 1, 3 और 4

**57.** निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों पर विचार कीजिए :

1. अजन्ता की गुफ़ाएँ
2. लेपाक्षी मन्दिर
3. साँची स्तूप

उपर्युक्त स्थलों में से कौन-सा/से भित्ति चित्रकला के लिए भी जाना जाता है/जाने जाते हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

**58.** भारत में दार्शनिक विचार के इतिहास के सम्बन्ध में, सांख्य सम्प्रदाय से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सांख्य पुनर्जन्म या आत्मा के आवागमन के सिद्धान्त को स्वीकार नहीं करता है।
2. सांख्य की मान्यता है कि आत्म-ज्ञान ही मोक्ष की ओर ले जाता है न कि कोई बाह्य प्रभाव अथवा कारक।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**59.** भारत के सन्दर्भ में, संसदीय शासन-प्रणाली में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सिद्धान्त संस्थागत रूप में निहित है/हैं?

1. मंत्रिमण्डल के सदस्य संसद् के सदस्य होते हैं।
2. जब तक मंत्रियों को संसद् का विश्वास प्राप्त रहता है तब तक ही वे अपने पद पर बने रहते हैं।
3. राज्य का अध्यक्ष ही मंत्रिमण्डल का अध्यक्ष होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**60.** The annual range of temperature in the interior of the continents is high as compared to coastal areas. What is/are the reason/reasons?

1. Thermal difference between land and water
2. Variation in altitude between continents and oceans
3. Presence of strong winds in the interior
4. Heavy rains in the interior as compared to coasts

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**61.** Which of the following is/are the characteristic/characteristics of Indian coal?

1. High ash content
2. Low sulphur content
3. Low ash fusion temperature

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**62.** Which of the following statements regarding laterite soils of India are correct?

1. They are generally red in colour.
2. They are rich in nitrogen and potash.
3. They are well-developed in Rajasthan and UP.
4. Tapioca and cashew nuts grow well on these soils.

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 1 and 4

*(d)* 2 and 3 only

**63.** Consider the following statements :

1. Natural gas occurs in the Gondwana beds.
2. Mica occurs in abundance in Kodarma.
3. Dharwars are famous for petroleum.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3

*(d)* None

**60.** महाद्वीपों के अन्तःस्थों का वार्षिक ताप-परिसर तटीय क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक होता है। इसका/इसके क्या कारण है/हैं?

1. भूमि और जल के बीच तापीय अन्तर
2. महाद्वीपों और महासागरों के बीच तुंगता में अन्तर
3. अन्तःस्थों में तेज पवनों की विद्यमानता
4. तटों की अपेक्षा अन्तःस्थों में होने वाली भारी वर्षा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारतीय कोयले का/के अभिलक्षण है/हैं?

1. उच्च भस्म अंश
2. निम्न सल्फर अंश
3. निम्न भस्म संगलन तापमान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**62.** भारत की लैटेराइट मिट्टियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. वे साधारणतः लाल रंग की होती हैं।
2. वे नाइट्रोजन और पोटाश से समृद्ध होती हैं।
3. उनका राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अच्छा विकास हुआ है।
4. इन मिट्टियों में टैपियोका और काजू की अच्छी उपज होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* 1 और 4

*(d)* केवल 2 और 3

**63.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्राकृतिक गैस गोंडवाना संस्तरों में पायी जाती है।
2. अभ्रक प्रचुर मात्रा में कोडरमा में पाया जाता है।
3. धारवाड़ खनिज तेल के लिए प्रसिद्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

**64.** Consider the following crops :

1. Cotton
2. Groundnut
3. Rice
4. Wheat

Which of these are Kharif crops?

*(a)* 1 and 4

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2, 3 and 4

**65.** "Climate is extreme, rainfall is scanty and the people used to be nomadic herders."

The above statement best describes which of the following regions?

*(a)* African Savannah

*(b)* Central Asian Steppe

*(c)* North American Prairie

*(d)* Siberian Tundra

**66.** Consider the following statements :

1. Inflation benefits the debtors.
2. Inflation benefits the bond-holders.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**67.** Disguised unemployment generally means

*(a)* large number of people remain unemployed

*(b)* alternative employment is not available

*(c)* marginal productivity of labour is zero

*(d)* productivity of workers is low

**68.** Consider the following statements :

1. The Council of Ministers in the Centre shall be collectively responsible to the Parliament.
2. The Union Ministers shall hold the office during the pleasure of the President of India.
3. The Prime Minister shall communicate to the President about the proposals for legislation.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**64.** निम्नलिखित फसलों पर विचार कीजिए :

1. कपास
2. मूँगफली
3. धान
4. गेहूँ

इनमें से कौन-सी खरीफ की फसलें हैं?

(a) 1 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) 2, 3 और 4

**65.** ''जलवायु चरम है, वर्षा कम है और लोग चलवासी पशुचारक हुआ करते थे।''

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसका सबसे अच्छा वर्णन है?

(a) अफ्रीकी सवाना

(b) मध्य एशियाई स्टेप

(c) उत्तरी अमरीकी प्रेअरी

(d) साइबेरियाई टुन्ड्रा

**66.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मुद्रास्फीति ऋणियों को लाभ पहुँचाती है।
2. मुद्रास्फीति बॉण्ड-धारकों को लाभ पहुँचाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**67.** प्रच्छन्न बेरोजगारी का सामान्यतः अर्थ होता है कि

(a) लोग बड़ी संख्या में बेरोजगार रहते हैं

(b) वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध नहीं है

(c) श्रमिक की सीमान्त उत्पादकता शून्य है

(d) श्रमिकों की उत्पादकता नीची है

**68.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केन्द्र में मंत्रिपरिषद् संसद् के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी।
2. संघीय मंत्री भारत के राष्ट्रपति के प्रसाद-पर्यन्त पद धारण करेंगे।
3. विधि-निर्माण हेतु प्रस्ताव के बारे में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को सूचित करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

69. Consider the following statements :

1. National Development Council is an organ of the Planning Commission.
2. The Economic and Social Planning is kept in the Concurrent List in the Constitution of India.
3. The Constitution of India prescribes that Panchayats should be assigned the task of preparation of plans for economic development and social justice.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

70. Consider the following statements :

1. The Chairman and the Deputy Chairman of the Rajya Sabha are not the members of that House.
2. While the nominated members of the two Houses of the Parliament have no voting right in the presidential election, they have the right to vote in the election of the Vice President.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

71. With reference to National Legal Services Authority, consider the following statements :

1. Its objective is to provide free and competent legal services to the weaker sections of the society on the basis of equal opportunity.
2. It issues guidelines for the State Legal Services Authorities to implement the legal programmes and schemes throughout the country.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 30

**69.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राष्ट्रीय विकास परिषद्, योजना आयोग का एक अंग है।
2. आर्थिक और सामाजिक योजना को भारत के संविधान की समवर्ती सूची में रखा गया है।
3. भारत का संविधान यह विहित करता है कि पंचायतों को आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की योजना बनाने का कार्यभार दिया जाना चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**70.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्य सभा का सभापति तथा उपसभापति उस सदन के सदस्य नहीं होते।
2. जबकि राष्ट्रपति के निर्वाचन में संसद् के दोनों सदनों के मनोनीत सदस्यों को मतदान का कोई अधिकार नहीं होता, उनको उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में मतदान का अधिकार होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**71.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसका उद्देश्य समान अवसरों के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवाएँ उपलब्ध कराना है।
2. यह देश-भर में विधिक कार्यक्रमों और योजनाओं को लागू करने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**72.** During a thunderstorm, the thunder in the skies is produced by the

1. meeting of cumulonimbus clouds in the sky
2. lightning that separates the nimbus clouds
3. violent upward movement of air and water particles

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1 and 3

*(d)* None of the above produces the thunder

**73.** Consider the following pairs :

| | *Tribe* | *State* |
|---|---|---|
| 1. | Limboo (Limbu) | : Sikkim |
| 2. | Karbi | : Himachal Pradesh |
| 3. | Dongaria Kondh | : Odisha |
| 4. | Bonda | : Tamil Nadu |

Which of the above pairs are correctly matched?

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2 and 4 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**74.** Consider the following liquid assets :

1. Demand deposits with the banks
2. Time deposits with the banks
3. Savings deposits with the banks
4. Currency

The correct sequence of these assets in the decreasing order of liquidity is

*(a)* 1–4–3–2

*(b)* 4–3–2–1

*(c)* 2–3–1–4

*(d)* 4–1–3–2

**75.** In the context of Indian economy, 'Open Market Operations' refers to

*(a)* borrowing by scheduled banks from the RBI

*(b)* lending by commercial banks to industry and trade

*(c)* purchase and sale of government securities by the RBI

*(d)* None of the above

**72.** तड़ित्-झंझा के दौरान, आकाश में तड़ित् किसके/किनके द्वारा उत्पन्न होती है/हैं?

1. आकाश में कपासी-वर्षी मेघों के मिलने से
2. तड़ित् से, जो वर्षामेघों को पृथक् करती है
3. हवा और जल कणों के ऊपर की ओर तीव्र चलन से

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* उपर्युक्त में से कोई भी तड़ित् उत्पादित नहीं करता

**73.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | जनजाति | | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | लिम्बू | : | सिक्किम |
| 2. | कार्बी | : | हिमाचल प्रदेश |
| 3. | डोंगरिया कोंध | : | ओडिशा |
| 4. | बोंडा | : | तमिलनाडु |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**74.** निम्नलिखित तरल परिसम्पत्तियों पर विचार कीजिए :

1. बैंकों के पास माँग जमा
2. बैंकों के पास सावधिक जमा
3. बैंकों के पास बचत जमा
4. करेन्सी

इन परिसम्पत्तियों का, तरलता के घटते हुए क्रम में, सही अनुक्रम है

*(a)* 1–4–3–2

*(b)* 4–3–2–1

*(c)* 2–3–1–4

*(d)* 4–1–3–2

**75.** भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, 'खुला बाजार प्रचालन' किसे निर्दिष्ट करता है?

*(a)* अनुसूचित बैंकों द्वारा RBI से ऋण लेना

*(b)* वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार क्षेत्रों को ऋण देना

*(c)* RBI द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76.** Priority Sector Lending by banks in India constitutes the lending to

*(a)* agriculture

*(b)* micro and small enterprises

*(c)* weaker sections

*(d)* All of the above

**77.** Which one among the following industries is the maximum consumer of water in India?

*(a)* Engineering

*(b)* Paper and pulp

*(c)* Textiles

*(d)* Thermal power

**78.** To obtain full benefits of demographic dividend, what should India do?

*(a)* Promoting skill development

*(b)* Introducing more social security schemes

*(c)* Reducing infant mortality rate

*(d)* Privatization of higher education

**79.** In the context of cultural history of India, a pose in dance and dramatics called 'Tribhanga' has been a favourite of Indian artists from ancient times till today. Which one of the following statements best describes this pose?

*(a)* One leg is bent and the body is slightly but oppositely curved at waist and neck

*(b)* Facial expressions, hand gestures and make-up are combined to symbolize certain epic or historic characters

*(c)* Movements of body, face and hands are used to express oneself or to tell a story

*(d)* A little smile, slightly curved waist and certain hand gestures are emphasized to express the feelings of love or eroticism

**80.** Annie Besant was

1. responsible for starting the Home Rule Movement
2. the founder of the Theosophical Society
3. once the President of the Indian National Congress

Select the correct statement/statements using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**76.** भारत में बैंकों द्वारा प्राथमिक क्षेत्र ऋणदान से तात्पर्य किसको ऋण देने से है?

(a) कृषि

(b) लघु (माइक्रो) एवं छोटे उद्यम

(c) दुर्बल वर्ग

(d) उपर्युक्त सभी

**77.** भारत में निम्नलिखित उद्योगों में से कौन-सा एक, पानी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है?

(a) अभियांत्रिकी

(b) कागज एवं लुगदी

(c) वस्त्रोद्योग

(d) ताप शक्ति

**78.** जनांकिकीय लाभांश के पूर्ण लाभ को प्राप्त करने के लिए भारत को क्या करना चाहिए?

(a) कुशलता विकास का प्रोत्साहन

(b) और अधिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रारम्भ

(c) शिशु मृत्यु दर में कमी

(d) उच्च शिक्षा का निजीकरण

**79.** भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सन्दर्भ में, नृत्य एवं नाट्य-कला की एक मुद्रा जिसे 'त्रिभंग' कहा जाता है, प्राचीन काल से आज तक भारतीय कलाकारों को अतिप्रिय रही है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन इस मुद्रा को सर्वोत्तम रूप से वर्णित करता है?

(a) एक पाँव मोड़ा जाता है और देह थोड़ी किन्तु विपरीत दिशा में कटि एवं ग्रीवा पर वक्र की जाती है

(b) मुख अभिव्यंजनाएँ, हस्तमुद्राएँ एवं आसज्जा कतिपय महाकाव्य अथवा ऐतिहासिक पात्रों को प्रतीकात्मक रूप में व्यक्त करने के लिए संयोजित की जाती हैं

(c) देह, मुख एवं हस्तों की गति का प्रयोग स्वयं को अभिव्यक्त करने अथवा एक कथा कहने के लिए किया जाता है

(d) मंद स्मिति, थोड़ी वक्र कटि एवं कतिपय हस्तमुद्राओं पर बल दिया जाता है, प्रेम एवं शृंगार की अनुभूतियों को अभिव्यक्त करने के लिए

**80.** एनी बेसेंट

1. होम रूल आन्दोलन प्रारम्भ करने के लिए उत्तरदायी थीं
2. थियोसॉफिकल सोसाइटी की संस्थापिका थीं
3. इंडियन नेशनल कॉंग्रेस की एक बार अध्यक्षा थीं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही कथन/कथनों को चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**81.** The Ilbert Bill controversy was related to the

*(a)* imposition of certain restrictions to carry arms by the Indians

*(b)* imposition of restrictions on newspapers and magazines published in Indian languages

*(c)* removal of disqualifications imposed on the Indian magistrates with regard to the trial of the Europeans

*(d)* removal of a duty on imported cotton cloth

**82.** A rise in general level of prices may be caused by

1. an increase in the money supply
2. a decrease in the aggregate level of output
3. an increase in the effective demand

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**83.** Which one of the following groups of items is included in India's foreign-exchange reserves?

*(a)* Foreign-currency assets, Special Drawing Rights (SDRs) and loans from foreign countries

*(b)* Foreign-currency assets, gold holdings of the RBI and SDRs

*(c)* Foreign-currency assets, loans from the World Bank and SDRs

*(d)* Foreign-currency assets, gold holdings of the RBI and loans from the World Bank

**84.** Which one of the following is likely to be the most inflationary in its effect?

*(a)* Repayment of public debt

*(b)* Borrowing from the public to finance a budget deficit

*(c)* Borrowing from banks to finance a budget deficit

*(d)* Creating new money to finance a budget deficit

**85.** Supply of money remaining the same when there is an increase in demand for money, there will be

*(a)* a fall in the level of prices

*(b)* an increase in the rate of interest

*(c)* a decrease in the rate of interest

*(d)* an increase in the level of income and employment

**81.** इलबर्ट बिल विवाद किससे सम्बन्धित था?

(a) भारतीयों द्वारा हथियार लेकर चलने पर कुछ प्रतिबन्धों का लागू किया जाना

(b) भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं पर प्रतिबन्ध लागू किया जाना

(c) यूरोप के लोगों के मामलों की सुनवाई करने के लिए भारतीय न्यायाधीशों पर लगाई गई अयोग्यताओं का हटाया जाना

(d) आयातित सूती कपड़े पर लगाए गए शुल्क का हटाया जाना

**82.** सामान्य कीमत-स्तर में बढ़ोतरी निम्नलिखित में से किस/किन कारण/कारणों से हो सकती है/हैं?

1. द्रव्य की पूर्ति में वृद्धि
2. उत्पादन के समग्र स्तर में गिरावट
3. प्रभावी माँग में वृद्धि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**83.** भारत की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि में निम्नलिखित में से कौन-सा एक मदसमूह सम्मिलित है?

(a) विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एस० डी० आर०) तथा विदेशों से ऋण

(b) विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा धारित स्वर्ण तथा विशेष आहरण अधिकार (एस० डी० आर०)

(c) विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, विश्व बैंक से ऋण तथा विशेष आहरण अधिकार (एस० डी० आर०)

(d) विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा धारित स्वर्ण तथा विश्व बैंक से ऋण

**84.** निम्नलिखित में से किस एक का अपने प्रभाव में सर्वाधिक स्फीतिकारी होने की सम्भावना है?

(a) लोक ऋण की चुकौती

(b) बजट घाटे के वित्तीयन के लिए जनता से ऋणादान

(c) बजट घाटे के वित्तीयन के लिए बैंकों से ऋणादान

(d) बजट घाटे के वित्तीयन के लिए नई मुद्रा का सृजन

**85.** द्रव्य की पूर्ति यथावत् रहने पर यदि द्रव्य की माँग में वृद्धि होती है, तो

(a) कीमत-स्तर में गिरावट आ जाएगी

(b) ब्याज की दर में वृद्धि हो जाएगी

(c) ब्याज की दर में कमी हो जाएगी

(d) आय और रोज़गार के स्तर में वृद्धि हो जाएगी

**86.** Fruits stored in a cold chamber exhibit longer storage life because

*(a)* exposure to sunlight is prevented

*(b)* concentration of carbon dioxide in the environment is increased

*(c)* rate of respiration is decreased

*(d)* there is an increase in humidity

**87.** Consider the following fauna of India :

1. Gharial
2. Leatherback turtle
3. Swamp deer

Which of the above is/are endangered?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None

**88.** Ball bearings are used in bicycles, cars, etc., because

*(a)* the actual area of contact between the wheel and axle is increased

*(b)* the effective area of contact between the wheel and axle is increased

*(c)* the effective area of contact between the wheel and axle is reduced

*(d)* None of the above statements is correct

**89.** Consider the following phenomena :

1. Size of the sun at dusk
2. Colour of the sun at dawn
3. Moon being visible at dawn
4. Twinkle of stars in the sky
5. Polestar being visible in the sky

Which of the above are optical illusions?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 3, 4 and 5

*(c)* 1, 2 and 4

*(d)* 2, 3 and 5

**90.** Rainbow is produced when sunlight falls on drops of rain. Which of the following physical phenomena are responsible for this?

1. Dispersion
2. Refraction
3. Internal reflection

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1,2 and 3

**91.** Many transplanted seedlings do not grow because

*(a)* the new soil does not contain favourable minerals

*(b)* most of the root hairs grip the new soil too hard

*(c)* most of the root hairs are lost during transplantation

*(d)* leaves get damaged during transplantation



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 38

**86.** शीत कोष्ठ में भण्डारित फल अधिक समय तक चलते हैं, क्योंकि

(*a*) सूरज की रोशनी नहीं पड़ने दी जाती है

(*b*) पर्यावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की सान्द्रता बढ़ा दी जाती है

(*c*) श्वसन की दर घटा दी जाती है

(*d*) आर्द्रता बढ़ जाती है

**87.** निम्नलिखित भारतीय प्राणिजात पर विचार कीजिए :

1. घड़ियाल
2. चर्मपीठ कूर्म (लेदरबैक टर्टल)
3. अनूप मृग

उपर्युक्त में से कौन-सा/से संकटापन्न है/हैं?

(*a*) केवल 1 और 2

(*b*) केवल 3

(*c*) 1, 2 और 3

(*d*) कोई नहीं

**88.** साइकिल और कारों में बॉल-बेयरिंग का प्रयोग होता है, क्योंकि

(*a*) पहिया और धुरी के बीच संस्पर्श का वास्तविक क्षेत्र बढ़ जाता है

(*b*) पहिया और धुरी के बीच संस्पर्श का प्रभावी क्षेत्र बढ़ जाता है

(*c*) पहिया और धुरी के बीच संस्पर्श का प्रभावी क्षेत्र घट जाता है

(*d*) उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**89.** निम्नलिखित परिघटनाओं पर विचार कीजिए :

1. गोधूलि में सूर्य का आमाप
2. ऊषाकाल में सूर्य का रंग
3. ऊषाकाल में चन्द्रमा का दिखना
4. आकाश में तारों का टिमटिमाना
5. आकाश में ध्रुवतारे का दिखना

उपर्युक्त में से कौन-से दृष्टिभ्रम हैं?

(*a*) 1, 2 और 3

(*b*) 3, 4 और 5

(*c*) 1, 2 और 4

(*d*) 2, 3 और 5

**90.** जब धूप वर्षा की बूँदों पर गिरती है, तो इन्द्रधनुष बनता है। इसके लिए निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक परिघटनाएँ जिम्मेवार हैं?

1. परिक्षेपण
2. अपवर्तन
3. आन्तरिक परावर्तन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(*a*) केवल 1 और 2

(*b*) केवल 2 और 3

(*c*) केवल 1 और 3

(*d*) 1, 2 और 3

**91.** कई प्रतिरोपित पौधे इसलिए नहीं बढ़ते हैं, क्योंकि

(*a*) नई मिट्टी में इष्ट खनिज पदार्थ नहीं रहते हैं

(*b*) अधिकांश मूल रोम नई मिट्टी को अधिक सख्ती से जकड़ लेते हैं

(*c*) प्रतिरोपण के दौरान अधिकांश मूल रोम नष्ट हो जाते हैं

(*d*) प्रतिरोपण के दौरान पत्तियाँ क्षतिग्रस्त हो जाती हैं

**92.** Economic growth in country *X* will necessarily have to occur if

*(a)* there is technical progress in the world economy

*(b)* there is population growth in *X*

*(c)* there is capital formation in *X*

*(d)* the volume of trade grows in the world economy

**93.** Which of the following statements is/are correct?

1. Viruses lack enzymes necessary for the generation of energy.
2. Viruses can be cultured in any synthetic medium.
3. Viruses are transmitted from one organism to another by biological vectors only.

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**94.** Which of the following leaf modifications occurs/occur in desert areas to inhibit water loss?

1. Hard and waxy leaves
2. Tiny leaves or no leaves
3. Thorns instead of leaves

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**95.** The known forces of nature can be divided into four classes, viz., gravity, electromagnetism, weak nuclear force and strong nuclear force. With reference to them, which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* Gravity is the strongest of the four

*(b)* Electromagnetism acts only on particles with an electric charge

*(c)* Weak nuclear force causes radioactivity

*(d)* Strong nuclear force holds protons and neutrons inside the nucleus of an atom

**96.** The efforts to detect the existence of Higgs boson particle have become frequent news in the recent past. What is/are the importance/importances of discovering this particle?

1. It will enable us to understand as to why elementary particles have mass.
2. It will enable us in the near future to develop the technology of transferring matter from one point to another without traversing the physical space between them.
3. It will enable us to create better fuels for nuclear fission.

Select the correct answer using the codes given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**92.** $X$ देश में आर्थिक संवृद्धि अनिवार्य रूप से होगी, यदि

(a) विश्व अर्थव्यवस्था में तकनीकी प्रगति होती है

(b) $X$ में जनसंख्या वृद्धि होती है

(c) $X$ में पूँजी-निर्माण होता है

(d) विश्व अर्थव्यवस्था में व्यापार की मात्रा बढ़ती है

**93.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. विषाणुओं में ऊर्जा-उत्पादन के लिए आवश्यक एंज़ाइम नहीं होते।
2. विषाणुओं को किसी भी संश्लेषित माध्यम में संवर्धित किया जा सकता है।
3. विषाणुओं का एक जीव से दूसरे जीव में संचारण केवल जैवकीय संवाहकों द्वारा ही होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**94.** मरुस्थल क्षेत्रों में जल ह्रास को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से पर्ण रूपान्तरण होता है/होते हैं?

1. कठोर एवं मोमी पर्ण
2. लघु पर्ण अथवा पर्णहीनता
3. पर्ण की जगह काँटे

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**95.** प्रकृति के ज्ञात बलों को चार वर्गों में विभाजित किया जा सकता है, जैसे कि गुरुत्व, विद्युत्-चुम्बकत्व, दुर्बल नाभिकीय बल और प्रबल नाभिकीय बल। उनके सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

(a) गुरुत्व, चारों में सबसे प्रबल है

(b) विद्युत्-चुम्बकत्व सिर्फ विद्युत् आवेश वाले कणों पर क्रिया करता है

(c) दुर्बल नाभिकीय बल विघटनाभिकता का कारण है

(d) प्रबल नाभिकीय बल परमाणु के केन्द्रक में प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों को धारित किये रखता है

**96.** निकट अतीत में हिग्स बोसॉन कण के अस्तित्व के संसूचन के लिए किये गये प्रयत्न लगातार समाचारों में रहे हैं। इस कण की खोज का क्या महत्त्व है?

1. यह हमें यह समझने में मदद करेगा कि मूल कणों में संहति क्यों होती है।
2. यह निकट भविष्य में हमें दो बिन्दुओं के बीच के भौतिक अन्तराल को पार किये बिना एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु तक पदार्थ स्थानान्तरित करने की प्रौद्योगिकी विकसित करने में मदद करेगा।
3. यह हमें नाभिकीय विखण्डन के लिए बेहतर ईंधन उत्पन्न करने में मदद करेगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 41

97. Mycorrhizal biotechnology has been used in rehabilitating degraded sites because mycorrhiza enables the plants to

1. resist drought and increase absorptive area
2. tolerate extremes of pH
3. resist disease infestation

Select the correct answer using the codes given below.

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

98. Who among the following constitute the National Development Council?

1. The Prime Minister
2. The Chairman, Finance Commission
3. Ministers of the Union Cabinet
4. Chief Ministers of the States

Select the correct answer using the codes given below.

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1, 3 and 4 only
(c) 2 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

99. The national income of a country for a given period is equal to the

(a) total value of goods and services produced by the nationals
(b) sum of total consumption and investment expenditure
(c) sum of personal income of all individuals
(d) money value of final goods and services produced

100. Which of the following grants/grant direct credit assistance to rural households?

1. Regional Rural Banks
2. National Bank for Agriculture and Rural Development
3. Land Development Banks

Select the correct answer using the codes given below.

(a) 1 and 2 only
(b) 2 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**97.** कवकमूलीय (माइकोराइज़ल) जैव प्रौद्योगिकी को निम्नीकृत स्थलों के पुनर्वासन में उपयोग में लाया गया है, क्योंकि कवकमूल के द्वारा पौधों में

1. सूखे का प्रतिरोध करने एवं अवशोषण क्षेत्र बढ़ाने की क्षमता आ जाती है
2. pH की अतिसीमाओं को सहन करने की क्षमता आ जाती है
3. रोगग्रस्तता से प्रतिरोध की क्षमता आ जाती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**98.** निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय विकास परिषद् की रचना करते हैं?

1. प्रधानमंत्री
2. अध्यक्ष, वित्त आयोग
3. संघीय मंत्रिमण्डल के मंत्रिगण
4. राज्यों के मुख्यमंत्री

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**99.** किसी दी गई अवधि के लिए एक देश की राष्ट्रीय आय

*(a)* नागरिकों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य के बराबर होगी

*(b)* कुल उपभोग और निवेश व्यय के योग के बराबर होगी

*(c)* सभी व्यक्तियों की वैयक्तिक आय के योग के बराबर होगी

*(d)* उत्पादित अन्तिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के बराबर होगी

**100.** ग्रामीण परिवारों को निम्नलिखित में से कौन सीधी ऋण सुविधा प्रदान करता है/करते हैं?

1. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
2. कृषि और ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक
3. भूमि विकास बैंक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3



CIVIL ASHRAM IAS Free UPSC material · ias.civilashram.co.in GS Paper I 2013 question paper · page 43

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

## SPACE FOR ROUGH WORK

★ ★ ★

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी.बी.सी. : **B–BRO–M–HTA**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या

790845

# परीक्षण पुस्तिका

**A**

## सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र—I

समय : दो घण्टे

पूर्णांक : 200

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. कृपया ध्यान रखे कि **OMR** उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न लिखें।**
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.